**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ**

**(तिथि 6 अगस्त 2025, समय 1305 (5 मिनट)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली में एकीकृत केन्द्रीय सचिवालय परिसर के कर्तव्य भवन-तीन का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री आज शाम साढ़े 6 बजे कर्तव्य पथ पर एक सार्वजनिक कार्यक्रम को भी संबोधित करेंगे। इसका उद्देश्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना और शासन को चुस्त और अधिक सक्षम बनाना है।

उल्लेखनीय है कि कर्तव्य भवन- तीन लगभग डेढ़ लाख वर्ग मीटर का एक अत्याधुनिक कार्यालय परिसर है, जिसमें दो बेसमेंट और सात मंजिल हैं इस इमारत में गृह विदेश ग्रामीण विकास एमएसएमई पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस जैसे प्रमुख मंत्रालयों कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग और प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के कार्यालय होंगे। यह नया भवन आधुनिक प्रशासनिक ढांचे का प्रतीक है जिसमें आईटी समर्थित और सुरक्षित कार्यस्थल आईडी कार्ड आधारित प्रवेश नियंत्रित एकीकृत इलेक्ट्रॉनिक निगरानी और एक केंद्रीय कृत कमान प्रणाली लगाई गई है।

*********************************************************************

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल की अध्यक्षता मे कल नई दिल्ली में श्रम शक्ति भवन में सतलुज यमुना लिंक नहर के मुद्दे पर हरियाणा और पंजाब के मुख्यमंत्रियों के साथ सौहार्दपूर्ण चर्चा हुई।

बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि यह एक लंबित मुद्दा है। 9 जुलाई को भी एक बैठक हुई थी जिसमें काफी सकारात्मक चर्चा हुई थी। इस बार भी एक कदम आगे बढ़ाया गया है और सकारात्मक माहौल में चर्चा हुई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 13 अगस्त को सर्वोच्च अदालत में सकारात्मक जवाब दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि इस मुद्दे का बेहतर समाधान निकलेगा। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंधु संधि एक गौण मुद्दा है जिसमें राजस्थान को भी पानी मिलेगा। बैठक में केंद्रीय सचिव देबाश्री मुखर्जी, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग अग्रवाल सहित सिंचाई विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

*********************************************************************

हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि 15 अगस्त तक रोडवेज बसों में ट्रैकिंग प्रणाली को लागू कर दिया जाएगा। इस संबंध में एक ऐप भी बनाई जाएगी जिसके माध्यम से कोई भी यात्री यह देख सके कि उसकी बस कितने बजे आ रही है। इसके अलावा, रोडवेज में उपकरणों व अन्य सामान का डिजिटल रिकॉर्ड रखा जाएगा।

श्री विज ने कल चण्डीगढ में मीडिया कर्मियों के सवालों का जवाब देते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मंत्री बनते ही उन्होंने हरियाणा की सारी बसों में ट्रैकिंग सिस्टम लगाने के आदेश दिए थे । उन्होंने कहा कि हवाई अड्डों की तर्ज पर बस अड्डों पर भी बसों के आने-जाने की स्थिति के बारे में जानकारी उपलब्ध करवाने के लिए स्क्रीन लगाने के निर्देश भी दिए गए हैं।

इसके अलावा, उन्होंने कहा कि उच्च आधिकार क्रय समिति में रोडवेज के उपकरणों को खरीदने के लिए प्रस्ताव भेजा जा चुका है और जल्द ही यह उपकरण व सामान आ जाएगा। विभागीय अधिकारियों को सामान का डिजिटल डाटा रखने के निर्देश दिए गए हैं, जैसे कि किस गाड़ी में कब टायर डाला गया, कितने किलोमीटर गाड़ी चली और कब उस गाडी का टायर खराब हुआ है।

*****************************************************************************

केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सहकारिता मंत्रालय सहकारी समितियों को जीवंत और सफल व्यवसायिक इकाईयों में बदलने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सहकारी नीति देश में सतत सहकारी विकास के लिए एक व्यापक खाका प्रदान करती है।

सहकारिता क्षेत्र को मजबूत करने की पहलों के संबंध में कल नई दिल्ली में अपने मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति की दूसरी बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने यह जानकारी दी।

श्री अमित शाह ने कहा कि सहकारिता क्षेत्र भूमिहीन और गरीबों के लिए समृद्धि के मार्ग खोल सकता है। उन्होंने कहा कि सहकारिता क्षेत्र, कृषि और किसानों की समृद्धि के लिए तीन राष्ट्रीय स्तर की सहकारी समितियां गठित की गई हैं। उन्होंने परामर्शदात्री समिति के सदस्यों से सहकारिता को बढ़ावा देने के लिए अपने राज्यों में डेयरी क्षेत्र को सुदृढ़ करने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सहकारिता मंत्रालय ने पिछले चार वर्षों में प्राथमिक कृषि ऋण समितियों ,डेयरी, मत्स्य पालन, सहकारी बैंकों, चीनी सहकारी समितियों और सहकारी शासन प्रणाली मजबूत करने के लिए सौ से अधिक पहल की हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सहकारी नीति-2025 देश में सहकारी विकास का व्यापक भविष्य योजना प्रदान करती है।

***************************************************************************

हरियाणा के ऊर्जा एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि बरसातों में जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए राज्य सरकार द्वारा पहले ही निर्देश जारी किए जा चुके हैं और जल निकासी के लिए पूरे प्रयास किए गए है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा में इस बरसात के मौसम में जलभराव को लेकर स्थिति काफी ठीक रही है।

श्री विज चण्डीगढ में मीडिया कर्मियों के सवालों का जवाब दे रहे थे।

उन्होंने कहा कि हालांकि कुछ जगह ऐसी हो सकती है जहां जलभराव होता हो, और निकासी न हो रही हो, सरकार उसकी भी व्यवस्था करेगी।

**********************************************************************